## अब लोको डिस्पेंसरी मे भी बैठेंगे होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक डॉक्टर।

**कोटा, 04 फरवरी।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा के अथक प्रयासों द्वारा अब सप्ताह मे एक दिन लोको डिस्पेंसरी मे भी होम्योपैथी एवं आयुर्वेद के डॉक्टर अपनी सेवायें देंगे। मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की काफी समय से मांग थी कि लोको डिस्पेंसरी कोटा मे भी डॉक्टरों की सेवायें उपलब्ध करवायी जाये, क्योंकि लोको डिस्पेंसरी कोटा मे कोई चिकित्सक नहीं रहता है जिससे धीरे-धीरे वहाँ मरीजों की संख्या कम होती जा रही है क्योंकि लोको डिस्पेन्सरी के आसपास नहर के किनारे कई नई निजी कॉलोनियों का निर्माण होता जा रहा है, जिसमे अधिकांशतर रेल कर्मचारी एवं उनके परिवारजन रहते है।


रजि. नं. 54606/92
E-Mail: dainik.angad@gmail.com

# अंगद

अन्याय और अनीति को सहन करना बुजदिली है
सच्चाई को बहुमत की नहीं नैतिकता की जरुरत है


## कोटा थर्मल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता - बॉलीबॉल का फाइनल मैच टीम डी ने जीता

**कोटा 4 फरवरी।** कोटा थर्मल में विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के बॉलीबॉल की फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें टीम ए तथा टीम डी के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया मैच के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियन्ता श्रीमान बलजीत सिंह चौधरी रहे इस मौके पर खेल समिति के अध्यक्ष उप मुख्य अभियन्ता श्री सुनित जैन, ज्वाइंट सेक्रेट्री दिनेश मीणा, अरविन्द स्वामी, इंचार्ज थर्मल स्पोर्ट्स क्लब देवेन्द्र विजय, महेश चन्द डागुर एवं सभी खेल समिति के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे टीम ए में कप्तान रजनीश कुर्मी, अनिल मीणा, राजीव उपाध्याय, हेमंत बंजारा, अरविन्द स्वामी, राहुल माहौर, जीतेंद्र मीणा, मुकेश मीणा, देवेन्द्र विजय तथा टीम डी की कप्तान नरेश कुमार नागर, मुकेश जाट, ललित कुमावत, सनत शैषमा, भानु प्रताप सिंह, गौरव मीणा, राजेश मीणा, रफीक मोहम्मद, रामेश्वर कुमार मीणा खिलाड़ी थे।


राज्य व केन्द्र सरकार तथा रेल्वे बोर्ड द्वारा विज्ञापन हेतु स्वीकृत

बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़ एवं जयपुर से प्रसारित

वर्ष : 34 | अंक : 295 | बूंदी, दिनांक 4 फरवरी, 2025, मंगलवार, | कोटा कार्यालय कृष्णा विहार आकाशवाणी कॉलोनी, | कोटा पोस्टल रजि. एल-2/टोंक/38/17-19 | बूंदी कार्यालय फोन 2940923, 9829074221, | पृष्ठ-4 | एक प्रति 1 रु.


### जगह जगह होगा स्वागत, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

# भगवान देवनारायण की शोभायात्रा में कल शामिल होंगे गुर्जर समाज के हजारों लोग

(अंगद संवाददाता)

**बून्दी, 4 फरवरी।** अखिल भारतीय गुर्जर विकास संगठन की ओर से बुधवार को लोक देवता भगवान देवनारायण जी के 1113वें जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बून्दी सहित आस पास के गांवों के हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के महिला, पुरूष, युवा व बच्चे रंगे चंगे परिधानों में शामिल होंगे। गुर्जर समाज के जिला संरक्षक श्योजीलाल धगाल ने बताया कि शोभायात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। भगवान देवनारायण की शोभायात्रा बुधवार को सुबह 11 बजे देवपुरा स्थित भगवान देवनारायण मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शुरू होगी। शोभायात्रा में 24 बगडावत की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा में बैण्ड बाजे व डीजे भगवान देवनारायण के भजनों की स्वर लहरियां बिखेरते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल होगी। शोभायात्रा में विभिन्न अखाड़ो के पहलवान व



घुडसवार हैरतअंगेज कारनामे दिखाते हुए चलेंगे। शोभायात्रा के अंत में एक सुसज्जित व आकर्षक विमान में भगवान देवनारायण की प्रतिमा विराजमान होगी। जिसकी जगह जगह समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी। गुर्जर समाज के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप धगाल ने बताया कि यह शोभायात्रा देवपुरा से शुरू होकर कॉलेज रोड़, बस स्टेण्ड रोड़, अहिंसा सर्किल, इन्द्रा बाजार, सब्जीमण्डी रोड़, सूर्यमल्ल चौराहा, लंकागेट रोड़ से धानमण्डी रोड़ होते हुए बाईपास रोड़ स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में पहुंचकर समारोह में तब्दील हो जाएगी। समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा जिसमें समाज के हजारों लोग एक जाजम पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। समाज के युवा ओम धगाल ने बताया कि इस अवसर पर भगवान देवनारायण मंदिर में आकर्षक साज सज्जा व विद्युत सजावट की गई है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह विभिन्न संस्थाओं, समाजो व प्रतिष्ठानों द्वारा स्वागत द्वार लगाकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया जाएगा। देवनारायण जयन्ती को लेकर जिले भर के समाजबंधुओं में उत्साह व्याप्त है और वह शोभायात्रा में शामिल होने को विभिन्न साधनों से बून्दी पहुंचेंगे।

## कोटा में बेकाबू कार ने टक्कर मारी, हलवाई की मौत

*केटरिंग की साइट पर गए थे, मजदूर लेने जाते समय हादसा हुआ*



**कोटा 4 फरवरी।** जिले के सिमलिया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में हलवाई की मौत हो गई। मृतक नारायण सिंह गहलोत (60) कोटा के छावनी इलाके के रहने वाले थे। नारायण सिंह के केटरिंग का काम था। केटरिंग की साइट पर सोमवार को गढ़ेपान गए थे। आज सुबह मजदूर व सामान लेने गढ़ेपान से कोटा की तरफ आ रहे थे। रास्ते में पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन सड़क किनारे जाकर गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को कोटा पहुंचाया। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने चेक कर नारायण सिंह को मृत घोषित किया। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया है। सिमलिया थाना एसएचओ सुरेश शर्मा ने बताया कि कार सवार व बाइक सवार दोनों बारां से कोटा की तरफ रहे थे। भौरा के पास डिवाइडर के कट से गाड़ी मोड़ते समय कार सवार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे जा गिरे। एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि कार सवार को हल्की चोट लगी।

**अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर :** दोस्त हंस कुमार गुप्ता ने बताया कि वो 34 साल से नारायण सिंह के साथ काम कर रहे थे। नारायण तीन दिन (3,4,5 फरवरी) साइट पर सोमवार को गढ़ेपान गए थे। आज सुबह 10 बजे करीब किसी को लेने व सामान लेने बाइक से कोटा की तरफ आ रहे थे।

# बजट सत्र-अखिलेश ने महाकुंभ हादसे पर मौन की मांग की

### बोले- डिजिटल कुंभ कराने वाले मृतकों के आंकड़े नहीं दे रहे, इंतजाम सेना को सौंपें

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का आज (4 फरवरी) चौथा दिन है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सपा सांसद अखिलेश यादव ने चर्चा की शुरुआत की। अखिलेश ने महाकुंभ हादसे पर 2 मिनट मौन की मांग की। स्पीकर ने इससे इनकार कर दिया। अगर सत्ता पक्ष के मन में अपराध बोध नहीं है तो आंकड़े छिपाए क्यों जा रहे हैं। डिजिटल कुंभ कराने वाले मृतकों की मौत की डिजिट नहीं बता पा रहे हैं। खोया-पाया केंद्र ही नहीं मिल रहा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि वहां (महाकुंभ में) लोगों के चप्पलें-जूते और कपड़े बिखरे थे। यूपी के सीएम ने दुख नहीं प्रकट किया, जब सब जगह



मौतों की बात आ गई तो उन्होंने 17 घंटे बाद इसे बताया। पहले अखाड़ों का स्नान रद्द कर दिया और जब पूरे देश में ये बात उठी तो फिर स्नान कराया। सदन में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शाम 5 बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी स्पीच देंगे। संसद का बजट सत्र शुक्रवार (31 जनवरी) से शुरू हुआ है। पहला सत्र 31 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा सत्र 10 मार्च से 14 अप्रैल तक होगा। इस सत्र में 16 बिल आ सकते हैं। जिसमें से 12 बिल 2024 के मानसून और विंटर सेशन में लाए गए थे।

**ओवैसी बोले- सरकार वक्फ की संपत्ति छीनने की कोशिश कर रही :** प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, वक्फ बिल पर जेपीसी के द्वारा फाइनल रिपोर्ट दी गई थी उसमें भाजपा सांसदों ने जो संशोधन दिए थे, वह पास हो गए क्योंकि उनके पास नंबर थे। वक्फ बोर्ड मुसलमानों की उन संपत्तियों के लिए है जो हमारे बुजुर्गों ने दान दिया था, उसमें आप गैर मुसलमान को सदस्य बना रहे हैं, और उसमें चुनाव नहीं होगा, आप मनोनीत करेंगे। बाबरी मस्जिद व राम मंदिर मामले में वक्फ बाय यूजर को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था, उस जजमेंट के मुताबिक राम मंदिर बनाया गया, उस जजमेंट में सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड के बारे में जो कहा था, उसके उलट सरकार काम कर रही है। जब हिंदू एंडोमेंट बोर्ड में गैर हिंदू सदस्य नहीं बन सकता, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में सिख ही सदस्य बन सकता है तो आप यहां गैर मुसलमान को क्यों बनाना चाह रहे हैं। सरकार वक्फ की संपत्ति छीनने की कोशिश कर रही है। सिर्फ नफरत के आधार पर मुसलमानों और वक्फ की संपत्ति छीनी जा रही है।

## गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी, बड़ा हादसा टला



**( अंगद संवाददाता )/ हिण्डोली, 4 फरवरी।** अल सुबह हाइवे 148 डी पर कराड़खेड़ी विद्युत ग्रिड के पास कोटा से नैनवां जाते समय एलपीजी गैस सिलण्डर से भरी मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलटी मार गई। इस दौरान गनीमत रही की मेटाडोर की किसी से भिड़ंत नहीं हुई या गैस सिलेंडर नहीं फटे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर हिण्डोली पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात सुचारु करवाया। इसके बाद पुलिस अग्रिम कार्यवाही मे जुट गई।

## ट्रेक्टर व बाईक की भिड़ंत में तीन घायल



**( अंगद संवाददाता )/ हिण्डोली, 4 फरवरी।** क्षेत्र के नेशनल हाइवे 52 पर 8वां मील पेट्रोल पम्प के पास ट्रेक्टर ट्रॉली व बाईक में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें तीन जने घायल हो गए। इस दौरान मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने तीनो घायलों को निजी वाहन से बून्दी जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है। बाइक व ट्रेक्टर की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाईक चकनाचूर हो गई व ट्रेक्टर ट्रॉली सहित हाइवे किनारे नीचे खाई में उतर गया। सूचना पर हिण्डोली पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और यातायात सुचारु करवाया। पुलिस ने आवश्यक जानकारी जुटाई व अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

## ट्रेन की चपेट में आने से तीन वर्षीय बालिका की मौत

**( अंगद संवाददाता )/ लाखेरी, 4 फरवरी।** दिल्ली-मुम्बई रेलवे लाइन पर नाडी भावपुरा के पास आज खेलते समय तीन वर्षीय बालिका रानी की कोटा से सवाईमाधोपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका के माता पिता रेलवे लाइन पर केबल खुदाई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान बालिका की मां रेलवे ट्रेक के दूसरी तरफ पानी भरने जा रही थी और बालिका उसके पीछे जाने लगी तभी ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई। बालिका के माता पिता दतिया जिले के महाराजपुरा मध्यप्रदेश के रहने वाले है और यहां रेलवे ट्रेक के पास झुग्गी बनाकर रह रहे थे। लाखेरी पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।

## शराब नीति व अन्य मांगों को लेकर शराब की दुकानें बंद रही



**( अंगद संवाददाता )/ कोटा/बून्दी, 4 फरवरी।** राज्य सरकार की शराब नीति और व्यवस्थाओं के विरोध में आज शराब कारोबारियो ने दो घंटे दुकानें बंद रखी। कोटा वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि आज प्रदेशव्यापी आव्हान के बाद आज कोटा शहर और ग्रामीण क्षेत्र में शराब के ठेकेदारो ने सभी शराब की दुकानें दो घंटे बंद रखी और अतिरिक्त आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जिसमें शराब नीति और अन्य मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया गया है। इसी तरह बून्दी में भी आज प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत शराब कारोबारियों ने सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध जताया।

## दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग कल

**दिल्ली 4 फरवरी।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं। वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट लेनेनिस्ट ने 2-2 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने 68 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल- यूनाइटेड ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं। महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी ष्टरू एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे।

**19त्न उम्मीदवार दागी, 81 पर हत्या-बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज :** चुनाव आयोग के मुताबिक निर्दलीय समेत विभिन्न पार्टियों के कुल 699 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने इन सभी उम्मीदवारों के हलफनामों की जांच करके एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक करीब 19 फीसदी यानी 132 उम्मीदवार आपराधिक छवि के हैं। इनमें से 81 पर हत्या, किडनैपिंग, बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

# आबकारी नीति के विरोध में शराब की दुकानें बंद

### दो घंटे दुकान बंद कर किया विरोध, मांगों का सौंपा ज्ञापन

**कोटा 4 फरवरी।** प्रदेशव्यापी आव्हान के बाद कोटा शहर और ग्रामीण क्षेत्र में 240 शराब की दुकानें 2 घंटे बंद रखी गयी है। शराब ठेकेदारों ने आबकारी नीतियों का विरोध किया है। कोटा वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह राठौड़ ने बताया- प्रदेशव्यापी आव्हान के बाद आज शहर और ग्रामीण क्षेत्र शराब के ठेकेदारों ने 240 सभी शराब की दुकानें 2 घंटे बंद रखी गयी है। इन्हें बंद कर आबकारी नीतियों का विरोध किया है। हम सभी ठेकेदार सरकार




और आबकारी के खिलाफ नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाई गई नीतियों के खिलाफ है।

सभी ठेकेदार कई बार जिला आबकारी अधिकारी से लेकर जयपुर तक के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दे चुके हैं। ज्ञापन के माध्यम से हमारी जो मांग है, उसे रखा गया। आबकारी विभाग की जो क्लस्टर की नीतियां जो क्लस्टर बनाया हुआ है, वो गलत तरीके से बनाया हुआ है। विभाग से दुकानों का समय बढ़ाने के लिए भी कहा, 10 प्रतिशत के मार्जिन को बढ़ाने के लिए भी कहा गया लेकिन विभाग के द्वारा हमारी यह मांगे नहीं मानी जा रही है। शराब ठेकों से पुलिस का हस्तक्षेप समाप्त होना चाहिए। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम इस आंदोलन को और उग्र रूप से करेंगे।

कोटा वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि मांगों में पुरानी सभी प्रकार की पैनल्टी समाप्त किए जाने, शराब की दुकानें खोलने का समय रात्रि 11 बजे तक किए जाने, गांरटी पूर्ति करने वाले ठेकेदारों की जब्त धरोहर राशियां तुरंत प्रभाव से लौटाए जाने, मंहगाई के अनुसार शराब ठेकेदारों का कमीशन कम से कम 20 प्रतिशत और बढ़ाने जैसी मांगें शामिल हैं।

## कोटा में काली पट्टी बांधकर डॉक्टर्स ने जताया विरोध

### चिकित्सक के साथ एसडीएम गलत व्यवहार पर नाराजगी जताई

**कोटा 4 फरवरी।** जिले में सेवारत चिकित्सकों ने दूसरे दिन काली पट्टी बांधकर विरोध किया। राज्यभर के सेवारत चिकित्सकों के साथ कोटा में भी अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने विरोध जताया। बाड़मेर के सेड़वा सीएचसी के चिकित्सक के साथ में वहां के एसडीएम द्वारा अपमान जनक एवं अपशब्दों का प्रयोग किया। इसी अपमान जनक घटना का विरोध करते हुए 2 घंटे काली पट्टी बांधकर विरोध किया गया। प्रदेश महासचिव डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने बताया कि आज 2 घंटे काली पट्टी बांधकर विरोध किया।



आज देवनारायण जयंती की छुट्टी होने के कारण अस्पताल की ओटीपी 2 घंटे की रही। इस दौरान 2 घंटे कार्य बहिष्कार ना करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए मरीजों का भी इलाज किया ताकि ज्यादा दिक्कत ना हो। आज शाम को चिकित्सक जिला स्तर के संघ के पदाधिकारी, जिलाधिकारी की मीटिंग होगी। राज्य स्तर का निर्णय लिया जाएगा। यदि कार्यवाही एसडीएम पर नहीं की जाती तो राजस्थान के चिकित्सक बड़ा कदम उठाने नई रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। इस घटना को ले कर राजस्थान के सभी चिकित्सक में भारी रोष है। जिसमें मेडिकल कॉलेज , ई एस आई डिस्पेंसरी, जिला अस्पताल कुन्हाड़ी,रामपुरा, ग्रामीण अंचल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने 2 घंटे काली पट्टी बांध कर मरीजों का इलाज किया।

## शिक्षक प्रकाश जायसवाल भामाशाह एवं भामाशाह प्रेरक के रूप में सम्मानित

**कोटा, 4 जनवरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल केशवपुरा के शिक्षक प्रकाश जायसवाल को भामाशाह प्रेरक एवं भामाशाह के रूप में शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंट कर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्काउट गाइड सहप्रभारी मीनाक्षी महावर ने बताया कि विद्यालय में संपन्न वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह में अन्य भामाशाहों के साथ साथ स्थानीय शाला के शिक्षक प्रकाश जायसवाल के द्वारा अपने माता पिता स्वर्गीय सेठ श्री प्रभु लाल - कल्याणी बाई जायसवाल की स्मृति में विद्यालय विकास एवं बालक



बालिकाओं के सहयोग हेतु 1 लाख 15 हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर भामाशाह सम्मान एवं केन फिन होम्स लिमिटेड, समाजसेवी विवेक राजवंशी , अंकित जोशी , जेसीआई कोटा स्टार आदि के माध्यम से विद्यालय विकास एवं छात्र छात्राओं के सहयोग हेतु 9 लाख रु का सहयोग करवाने पर प्रकाश जायसवाल को भामाशाह प्रेरक के रूप में भी सम्मानित किया गया सम्मा जायसवाल ने जहां राष्ट्रीय कब बुलबुल महोत्सव में कब बुलबुल को बिहार भेजने के लिए जहां 55 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया वहीं विद्यालय इको वाटिका एवं रंग रोगन के लिए जायसवाल ने 65 हजार सहित कुल 1 लाख 15 हजार का व्यक्तिगत सहयोग प्रदान किया जिसके चलते जायसवाल को सम्मानित किया गया।

## सम्पादकीय

# पेयजल प्रदूषित और सवालिया

यमुना नदी के जहरीले पानी पर दिल्ली चुनाव में वाकई जंग छिड़ी है। इसमें आम आदमी पार्टी (आप), भाजपा ही शामिल नहीं हैं, बल्कि चुनाव आयोग का युद्ध अलग किस्म का है। उसके निशाने पर 'आप' और केजरीवाल हैं। आयोग ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से पांच और सवाल पूछे थे। केजरीवाल ने यहां तक आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिलाने की साजिश रची थी। यदि दिल्ली सरकार के इंजीनियरों ने विषाक्त पानी को यथासमय न रोका होता, तो दिल्ली में 'नरसंहार' भी हो सकता था। यह बेहद गंभीर और नाजुक आरोप है, लिहाजा चुनाव आयोग तह तक जाना चाहता है कि जहर कौन-सा था? कब और कैसे यमुना के पानी में मिलाया गया? दिल्ली जल बोर्ड के किन इंजीनियरों ने कहां पानी रोका, नतीजतन दिल्ली 'नरसंहार' से बच गई? यमुना के जहरीले पानी पर यह सियासत 5 फरवरी को थम जाएगी, क्योंकि उस दिन दिल्लीवाले नई विधानसभा के लिए मतदान करेंगे, लेकिन इससे भी अधिक संवेदनशील और मानवीय सवाल देश भर में साफ पेयजल को लेकर है। एनएसएसओ के 79वें राउंड का डाटा है कि देश के करीब 95 फीसदी घरों की पहुंच पेयजल तक जरूर है। नल के जरिए जल, संरक्षित कुओं, नलकूपों और बोतलबंद पानी के तौर पर घरों को पीने का पानी उपलब्ध है, लेकिन कोई भी विभाग, एजेंसी या वितरण-संस्था यह शर्तिया दावा नहीं कर सकती कि उपलब्ध पेयजल बिल्कुल साफ, विषाणु-रहित और पीने योग्य पानी है। बेशक 'नल से जल' अभियान के बाद पानी के रंगों में सुधार आया है, लेकिन अभी बहुत कुछ सवालिया और प्रदूषित है। ग्रामीण भारत के करीब 40 फीसदी घरों में पेयजल का मुख्य स्रोत नल का पानी ही है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा करीब 70 फीसदी है। इस पेयजल की स्वच्छता, पीने की योग्यता पर सवाल क्यों उठते रहे हैं? हमारा करीब 70 फीसदी पानी 'प्रदूषित' क्यों है? यह सवाल नीति आयोग के 'संयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक' की जून, 2018 में प्रकाशित रपट में सामने आया है। रपट में यह भी उल्लेख किया गया है कि पानी की गुणवत्ता के संदर्भ में भारत दुनिया के 122 देशों में 120वें स्थान पर है। यह सवालिया के साथ-साथ शर्मनाक स्थिति है। अनुमान है कि 4 करोड़ अपशिष्ट पानी हररोज हमारी नदियों और अन्य जल-स्रोतों में मिलता है। उसमें से एक छोटा-सा हिस्सा ही शोधित किया जाता है। जब शोधन किए गए पानी को पाइपों के जरिए प्रवाहित किया जाता है, तो उस पानी की गुणवत्ता भी दूषित हो जाती है, क्योंकि पानी को पुराने नेटवर्क के जरिए ही प्रवाहित किया जाता है। उस नेटवर्क के समानांतर सीवेज लाइनें होती हैं, लिहाजा पानी के प्रदूषित होने की संभावनाएं सौ फीसदी होती हैं। निष्कर्ष है कि जो पानी नलों के जरिए दिन में कुछ समय के लिए ही छोड़ा जाता है, वह पीने लायक नहीं रह पाता। क्षेत्र और आवासीय कालोनी के मुताबिक भी पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। 2019 में मुंबई के नल वाले जल को 100 फीसदी सुरक्षित घोषित किया गया था, लेकिन मॉनसून मौसम से पहले ही शहर में जल संबंधी बीमारियां बढ़ने लगीं।

## भगत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया पंचमी महोत्सव



**कोटा 4 फरवरी।** भगत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलानिया कोटा विद्यालय में आज वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन का प्रारंभ सरस्वती पूजा एवम सरस्वती वंदना के साथ हुआ । कारकर्म के साथ ही बच्चों ने विचित्र वेशभूषा का प्रदर्शन किया और सूर्य नमस्कार किया गया । जिसमें छात्र छात्राओं एवम अध्यापकों ने भाग लिया । अंत में स्वाद का महाकुंभ कार्यकर्म का आयोजन किया । जिसमें सभी हाउस के छात्र छात्राओं ने उत्सुकता पूर्वक भाग लिया ।

## रक्त वीर एवं सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने वाले समाजसेवी भुवनेश गुप्ता को सम्मानित किया



**कोटा 4 फरवरी।** एक माह तक चले रोड सेफ्टी अभियान को लेकर कई संस्थानों की ओर से रक्त वीर एवं सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने वाले समाजसेवी भुवनेश गुप्ता का भाटिया कंपनी की ओर से सम्मान किया गया। भुवनेश गुप्ता द्वारा एक माह तक लगातार कई माध्यमों से रोड पर चलने के नियम, वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ते हुए ट्रैफिक से हो रही दुर्घटनाओं से सवाचेत करने एवं प्रशासन के साथ मिलकर कई रैली, रक्तदान शिविर, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान एवं जागरूकता पोस्टर विमोचन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, इन कार्यक्रमों के चलते कोटा शहर में कई लोगों ने रोड पर चलने के नियमों का पालन करने की शपथ ली साथ ही कई संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जागृत करने का महा अभियान चलाया गया। इस महा अभियान से कई संस्थाएं और प्रेरित हुई ऐसे में भाटिया एंड कंपनी के निदेशक प्रेम भाटिया द्वारा भुवनेश गुप्ता का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया।

# जो लिखा, वही ओढा बिछाया, कोटा हाड़ोती की साहित्यिक शख्सियत

## किशन लाल वर्मा और महेंद्र नेह का नव सृजन




**हाडोती।** खंडकाव्य महाकाव्य समेत 26 पुस्तकों के रचयिता हाडोती- राजस्थानी के जाने-माने साहित्यकार किशन लाल वर्मा एवं जनवादी तेवर की क्रांतिधर्मा कविताओं के सृजनकर्ता जन आंदोलनकर्मी राष्ट्रीय कवि महेंद्र नेह रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मेरे निवास पर पधारे। मेरी मां के निधन पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही इन्होंने अपनी नई पुस्तकें भेंट की। चूंकि बसंत पंचमी को महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती भी होती है इसलिए निराला के विराट कृतित्व और विलक्षण व्यक्तित्व पर भी सार्थक विमर्श हुआ। महाकवि की उपाधि से विभूषित किशन वर्मा दोपहर को आए और अपने नव रचित महाकाव्य बुद्धायन तथा कोरोना का कहर काव्य संग्रह भेंट किया। इन दोनों किताबों का लोकार्पण सोमवार को आयोजित भव्य समारोह में होना है। शोषित पीड़ित वंचित वर्ग के हक की आवाज बुलंद करने और समाजवादी विचारों की पैनी धार से राष्ट्रीय पहचान रखने वाले साहित्यकार महेंद्र नेह रात करीब 7:30 बजे पधारे और करीब 2 घंटे तक हमने निराला और बाबा नागार्जुन पर चर्चा की। महेंद्र नेह ने देश के मौजूदा हालात और सत्ता के चरित्र की विद्रूपताओं पर लिखा अपना ताजा गजल संग्रह,पाबंदियों के दौर में, भेंट किया।उम्रदराज हो जाने के बावजूद महेंद्र नेह की क्रियाशीलता वाकई बेमिसाल और अनुकरणीय है। यायावरी, संवेदनशीलता, अन्याय के खिलाफ जुझारूपन, वैचारिक प्रतिबद्धता और अपने व्यवहार में पारदर्शिता की अनूठी मिसाल हैं। प्रगतिशील साहित्यिक आयोजनों, किसान मजदूर संगठनों के कार्यक्रमों में देश के विभिन्न हिस्सों में शिरकत करते रहते हैं। 2 घंटे की चर्चा के दौरान बताया कि कब और कैसे उन्होंने महान साहित्यकार निराला, उपन्यास सम्राट प्रेमचंद और क्रांतिकारी लेखक विचारक राहुल सांकृत्यायन के मूल ठिकानों को खंगाला। इन महान हस्तियों के रचनाकर्म के चरित्रों से रूबरू हुए। देश के सुप्रसिद्ध जनकवि बाबा नागार्जुन तो कई दिनों तक उनके कोटा स्थित निवास पर भी रुके थे। चर्चा के दौरान महेंद्र नेह ने निराला पर लिखी अपनी कविता भी सुनाई।

## राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार अभियान आयोजित किया



**जयपुर 4 फरवरी।** राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने 3 फरवरी, 2025 को सूर्य सप्तमी के अवसर पर राज्यव्यापी सूर्य नमस्कार अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह पहल राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के मार्गदर्शन में शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों और शिक्षकों के बीच एकता और अनुशासन की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम, जो जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किया गया, में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, खेल सचिव नीरज पवन, राज्य परियोजना निदेशक श्रीमती अनुपमा जोरवाल और माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी सहित कई प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 3000 भागीदारों ने विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों से आकर सूर्य नमस्कार किया, जो योग और जीवनशैली में कल्याणकारी प्रथाओं के महत्व को बढ़ावा देने का प्रतीक था।

## जेसीआई कोटा उड़ान के खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम




**कोटा 4 फरवरी।** जेसीआई कोटा उड़ान ने संस्था के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वल्लभबाड़ी स्थित गुरु गोविंद सिंह पार्क में किया। फर्स्ट लेडी जेसी पूनम झंवर ने बताया कि बच्चों के लिए ट्रेडिशनल गेम्स का आयोजन किया गया और सभी बच्चों ने बड़ चढ़कर इसमें हिस्सा लिया एवं सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम का संचालन प्रोजेक्ट एडवाइजर जेएफएस दीपिका लोढ़ा, जेसी पूनम जैन, जेसी खुशबू जाजू व जेसी सोनिका माहेश्वरी ने किया। इस मौके पर संयुक्त सचिव जेसी रक्षा गुप्ता व अंजली गट्टानी भी मौजूद रही।

# दी कोटा को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि. की बोर्ड बैठक सम्पन्न

**कोटा 4 फरवरी ।** दी कोटा को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि0, कोटा की बोर्ड बैठक संस्था अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में वर्षभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। राठौड़ ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से सहकारिता विभाग और सहकारी संस्थाओं की सकारात्मक छवि जनमानस में स्थापित की जानी चाहिए। बैठक में चैन सिंह राठौड़ अध्यक्ष, कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., कोटा, उपाध्यक्ष चेतन कुमार मालव, राजेश कुमार मीणा,उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ कोटा , संचालक भंवर सिंह, राकेश कुमार नागर, श्रीकृष्ण मालव,



संदीप नंदवाना,रूप कंवर,प्रेमशंकर मेघवाल, मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**संस्था के विकास हेतु महत्वपूर्ण निर्णय :** संस्था अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ ने घोषणा की कि फल-सब्जी मंडी स्थित 2-बी दुकान पर सरस पार्लर का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे आमजन को सरस डेयरी के उत्पाद डिस्ट्रीब्यूटर दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# लायंस क्लब कोटा द्वारा कपड़े के थैलों का वितरण




**कोटा 4 फरवरी।** लायंस क्लब कोटा, प्रांत 3233 ई -2 द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया। अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि लायंस भवन के बाहर मुख्य सड़क पर लगे ठेलों के पास करीब 200 कपड़े के थैले वितरित किए गए। सचिव वीरेन्द्र विजय ने बताया कि इस सेवा कार्य में लायन जे. पी. गुप्ता, विनोद अजवानी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। क्लब के अध्यक्ष लायन प्रमोद विजय ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा, लायंस क्लब हमेशा समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित रहा है। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए कपड़े के थैलों का वितरण एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। हमें यह प्रयास जारी रखना चाहिए ताकि हमारा शहर स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बन सके। सचिव वीरेन्द्र विजय ने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें और अधिक से अधिक कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें।

## रेल विद्युतीकरण के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में पमरे द्वारा लगाई प्रदर्शनी

**जबलपुर 03 फरवरी।** भारतीय रेल इस वर्ष रेल विद्युतीकरण का 100वां वर्ष (1925 - 2025) मनारहा है। इस अवसर पर जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर पश्चिम मध्यरेल विद्युत विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मुकेश सहित तीनों मण्डलों के विद्युत विभागसभी रेल अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को लगाई प्रदर्शनी की सराहना की और भारतीय रेल विद्युतीकरण के100वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदर्शनी में बीना सोलर पॉवर प्लान्ट एवं ओएचई में उपयुक्त कैंटीलीवर असेंबली सहित कई मॉडलोंको प्रदर्शित किया गया।

## एम.बी. इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन



**कोटा 4 फरवरी।** एम.बी. इंटरनेशनल स्कूल नयागांव कोटा में वार्षिक प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल के निदेशक शुभम विजय महक विजय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।चैयरमैन दिनेश विजय एवं पुष्पांजलि विजय ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल को सराहा। प्रदर्शनी के अंतर्गत बच्चों ने चंद्रयान-3, बैंक, , हृदय से संबंधित अनेक वर्किंग कार्यरत मॉडल्स का प्रदर्शन किया। दिनेश विजय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चो को प्रोत्साहित करते है जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हो सकें तथा नवाचार जीवन में उच्च शिखर तक पहुंचते है । ये आयोजन वैज्ञानिक बनाने की प्रयोगशाला है । विद्यालय की प्राचार्य जसविंदर साहनी ने कहा कि यही प्रतिभाशाली बच्चे भविष्य में अब्दुल कलाम आज़ाद जैसे महान वैज्ञानिक बनते हैं। प्रदर्शनी में विद्यालय के व्यवस्थापक भुवनेश विजय का सहयोग रहा।

## हार्टवाइज वॉक-ओ-रन हेल्थ किट लॉंच, हेल्थ कार्निवल 7 फरवरी से

*कोटा में तीन दिवसीय सेहत के महाकुंभ में शामिल होंगे देशभर के धावक*



**कोटा 4 फरवरी।** हार्टवाइज सोसायटी की ओर से कोटा में 7 से 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट सेहत के महाकुंभ वॉक-ओ-रन की किट लॉंचिंग सोमवार को पुरुषार्थ भवन में की गई। इस अवसर पर टीम हार्टवाइज और इवेंट के प्रायोजक मौजूद रहे। हार्टवाइज एलन वॉक-ओ-रन पावर्ड बाय हरमीत हुडंई है। टीम हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि वॉक%-ओ-रन के लिए शहर ही नहीं वरन देशवासियों में उत्साह देखने को मिला है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो धायक कोटा नहीं आ पा रहे हैं, उन्होंने वर्चुअल वॉक-ओ-रन में रजिस्ट्रेशन करवाया है। वॉक-ओ-रन और हेल्थ कार्निवल में एंट्री निशुल्क है। हेल्थ कार्निवल 7 व 8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में होगा। 9 फरवरी को 21 किमी रन सुबह 5.30 बजे शुरू होगी। इसके बाद 10 किमी और फिर कोटा केयर्स रन होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। आयोजन के तहत 25 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे।


## नव दम्पत्ति ने विवाहोत्सव के तुरन्त पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**कोटा 4 फरवरी।** स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष व वधु मानसी का विवाह वसंत पंचमी पर संपन्न हुआ। नवदंपत्ति ने कर्णेश्वर योजना में ओम ग्रीन मीडोज मल्टी स्टोरी के पास में सभी परिवार जनों की उपस्थिति में पौधे रोपकर शादी को यादगार बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। नवदंपत्ति के इस अनूठे अंदाज में पर्यावरण संदेश देने की पहल की सभी ने सराहना की। इस दौरान बड़, पीपल, आम, अशोक , बिल्वपत्र, आंवला,कल्पवृक्ष के धार्मिक महत्व के साथ-साथ अन्य छाया व फलदार वृक्ष लगाए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता ने बताया कि आजकल लगातार घट रही वृक्षों की संख्या और कम होते जंगल से पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है, लाखों वन्य जीवों की मौत हो रही है, इन सबसे बचने के लिए हमें हर संस्कारों के उपलक्ष में पौधारोपण करना चाहिए, जिससे वृक्षों के प्रति हमारा भावनात्मक लगाव हो सके।

## रोटेरियन प्रज्ञा मेहता का रोटरी क्लब कोटा द्वारा अभिनन्दन

**कोटा 4 फरवरी।** रोटरी क्लब कोटा अपने क्लब से चयनित प्रथम महिला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन प्रज्ञा मेहता का उनके



विदेश यात्रा प्रस्थान हेतु शुभकामनायें प्रदान कर सम्मानित करेगा। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि प्रज्ञा मेहता क्लब की पहली महिला सदस्य है। जिन्हे प्रांतपाल के रूप में रोटरी इंटरनेशनल की अमेरिका में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल असेंबली में गवर्नर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का गौरव प्राप्त हुआ है। क्लब कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय ने बताया कि प्रज्ञा मेहता के नेतृत्व में सत्र 2025 -26 में प्रान्त 3056 के 80 से अधिक क्लबों का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। क्लब सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि प्रज्ञा मेहता की यह उपलब्धि न केवल हमारे क्लब बल्कि पूरे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के लिए गर्व की बात है।

च्यार चटका

## बेटी (214)

जाम नगर गुजरात की नेता, पूनम बेन मदाम बीरा छै।
विधानसभा संसद की सदस्य, हर मकसद मं तीरा छै।
रक्षा अधिकारी परमिंदर, महाजन सूं ब्याऊ रचायो जी'नै।
बेटी थू बधती जा आगै, न्याय यहा धीरां धीरां छै।।

बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा, मनोविज्ञान जाणभाळी छै।
पोस्ट ग्रेजुएशन पूरी कर, राजनीति ताणभाळी छै।
पुर्व प्रधान राजीव गांधी, पिता श्री छै ई बेटी का।
कांग्रेस पूर्व अध्यक्षा, सोनिया ठाण ठाणभाळी छै।।

दिल्ली मं जनमी या बेटी, राजनीति मं आई छै।
लोकप्रिय बणगी आताई, बाणी सूं जनमन भाई छै।
केम्पेन मेनेजर रहगी, जे स्टार प्रचारक बी छै।
रॉबर्ट वाड्रा पतिदेव, अब राजनीति अमकाई छै।।



-देवकी दर्पण
काव्य कुंज, रोटेदा, बूंदी

# फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का ग्राम पंचायतों में पांच फरवरी से होगा आयोजन

**( अंगद संवाददाता )/ बून्दी, 4 फरवरी।** बून्दी जिले में एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत 5 फरवरी से फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि तहसील रायथल में 5 से 7 फरवरी को खटखड़, 7 से 9 को अन्थड़ा, 10 से 12 को रायथल एवं लालपुरा, 13 से 15 को बम्बोरी एवं ख्यावदा, 17 से 19 को रिहाणा, भैरूपुरा ओझा, अजेता, मायजा एवं गेण्डोली, 20 से 22 को फौलाई में आयोजित किए जाएंगे।

इसी तरह तहसील बून्दी में 5 से 7 फरवरी को सिलोर, 7 से 9 को नमाना, 10 से 12 को भैरूपुरा बरड़, दौलाड़ा, 13 से 15 को लोईंचा, धनातरी, 17 से 19 को आमली, गुढ़ानाथावतान, नयागांव, रामगंज एवं कालपुरिया, 20 से 22 को गादेगाल, जावटीकलां, उलेड़ा, हट्टीपुरा एवं मंगाल, 27 फरवरी से 1 मार्च को गुमानपुरा, माटून्दा, नीम का खेड़ा, गरड़दा एवं रामनगर में आयोजित किए जाएंगे।

इसी प्रकार तहसील तालेड़ा में 5 से 7 फरवरी को बरून्धन, 7 से 9 को बुधपुरा, 10 से 12 को अल्फानगर, डाबी, 13 से 15 को बडून्दा, धनेश्वर, 17 से 19 को बाजड़, डोरा, बल्लोप, खड़ीपुर एवं जवाहर सागर, 20 से 22 को गोपालपुरा, देहित, रघुनाथपुरा, देलून्दा एवं गणेशपुरा, 24 से 26 को गामछ, लाम्बाखोह, जाखमूण्ड, राजपुरा एवं जमीतपुरा, 27 फरवरी से 1 मार्च को सूतड़ा, कैथूदा, लाडपुर, लक्ष्मीपुरा एवं लीलेड़ा व्यासान, 3 से 5 मार्च को नौताड़ा भोपत, सीन्ता, सुवांसा, तालेड़ा एवं तीरथ, 6 से 8 को ठीकरिया चारणान, अकतासा में आयोजित किए जाएंगे।

इसी प्रकार हिण्डोली में 5 से 7 फरवरी को सथूर, 7 से 9 को बडगांव, 10 से 12 को बड़ानयागांव, अलोद, 13 से 15 को गोठड़ा, विजयगढ़, 17 से 19 को खेरखटा, सांवतगढ़, चतरगंज, आकोदा एवं पेंच की बावड़ी, 20 से 22 को अणदगंज, मेण्डी, चेंता, उमर एवं रोणिजा, 24 से 26 को बसोली, धोवड़ा, काछोला, दबलाना एवं सहसपुरिया, 27 फरवरी से 1 मार्च को डाबेटा, टोंकड़ा, भवानीपुरा, डाटून्दा एवं ओवण, 3 से 5 को गुढ़ा, खींण्या, बडौदिया एवं रानीपुरा, 6 से 8 को गोकुलपुरा, ठीकरदा, मांगलीकलां, धाबाईयों का नयागांव एवं रोशन्दा, 10 से 12 को पगांरा, नेगढ़, तालाबगांव, थाना एवं छाबड़ियों का नयागांव, 17 से 19 को रामचन्द्र जी का खेड़ा में आयोजित किए जाएंगे।

इसी प्रकार तहसील के.पाटन में 5 से 7 फरवरी को चितावा, 7 से 9 को सारसला, 10 से 12 को बोरदा काछियान, रड़ी, 13 से 15 को चड़ी, आजन्दा, 17 से 19 को सूनगर, करवाला की झौपड़िया, करवाला, बालोद एवं गुड़ली, 20 से 22 को जलोदा, हिंगोनिया, बलकासा, रोंटेदा एवं लेसरदा, 24 से 26 को अरनेठा, झालीजी का बराना एवं माधोराजपुरा, 27 फरवरी से 1 मार्च को भीया, चरड़ाना एवं जयस्थल में आयोजित किए जाएंगे।

तहसील इन्द्रगढ़ में 5 से 7 फरवरी को मोहनपुरा, 7 से 9 को नवलपुरा, 10 से 12 को देहीखेड़ा, बाबई, 13 से 15 को नोताड़ा, दौलतपुरा, 17 से 19 को घाट का बराना, पापड़ी, बड़ाखेड़ा, सुमेरगंजमण्डी एवं गुढ़ा, 20 से 22 को बलवन, रेबारपुरा, उतराना, बसवाड़ा एवं लबान, 24 से 26 को माखीदा, खरायता, सखावदा, गुहाटा एवं चाणदाखुर्द में आयोजित किए जाएंगे।

तहसील नैनवां में 5 से 7 फरवरी को बांसी, 7 से 9 को भजनेरी, 10 से 12 को बाछोला, जरखोदा, 13 से 15 को सीसोला, जजावर, 17 से 19 को तलवास, खानपुरा, फूलेता, सुवानिया एवं माणी, 20 से 22 को दुगारी, जैतपुर, गुढ़ासदावर्तिया, खजूरी एवं डोकून, 24 से 26 को पीपल्या, समीधी, कैथूदा, डोडी एवं गुढ़ादेवजी, 27 फरवरी से 1 मार्च को बामनगांव, सहण, मरां, कोलाहेड़ा एवं बालापुरा, 3 से 5 को आंतरदा, सादेड़ा, मोडसा, करवर एवं रजलावता, 6 से 8 मार्च को गंभीरा में आयोजित किए जाएंगे।

## श्रीराम केमिकल श्रमिक संघ ने किया बजट का स्वागत

**( अंगद संवाददाता )/ कोटा, 4 फरवरी।** श्रीराम केमिकल श्रमिक संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आम बजट में मध्यम वर्ग को 12 लाख तक जीरो इनकम टेक्स करने पर आभार जताया है। संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महामंत्री चंद्रगोपाल सेन ने श्रमिक वर्ग के लिये की गई घोषणा 12 लाख तक टैक्स नहीं देने का निर्णय श्रमिको के लिये बहुत बड़ी राहत बताया है। उन्होंने कहा की यह श्रमिकों के हित एवं भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होना बताया है। उपाध्यक्ष विमल कुमार माथुर ने कहा कि सरकार ने यह बजट श्रमिक हितों को प्रथम रखकर बनाया है। मीडिया प्रभारी मुकेश चढ्ढा ने बजट में इनकम टैक्स में दिये गये रियायत को श्रमिक साथियों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया। वहीं प्रमोद श्रीवास्तव, ध्रुव सिंह, शेर सिंह, भूपेन्द्र राजावत, पवन चतुर्वेदी, तेजराज सिंह, प्रमेन्द्र सक्सेना, युवराज सिंह, कर्मेंद्र मीणा, नवल कनवासिया, सुंदर सिंह ने इसे श्रमिकों को राहत प्रदान करने वाला बताया।

## तालेड़ा बाईपास पर रोड़वेज बस रोकने के आदेश

**( अंगद संवाददाता )/ बून्दी, 4 फरवरी।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम बून्दी आगार के मुख्य प्रबंधक ने तालेड़ा बाईपास पर रोडवेज की सभी बसों को रोकने के आदेश दिए हैं। तालेड़ा के पूर्व उप सरपंच एवं भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट हरीश गुप्ता ने पूर्व विधायक अशोक डोगरा को इस बारे में शिकायत की थी। गुप्ता के अनुसार रोडवेज बसों के चालक और परिचालक बाईपास से ना तो सवारियां लेते हैं और ना ही सवारियां उतारते हैं। बस में बैठने पर उल्टे यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। जिस पर अशोक डोगरा ने बून्दी आगार के मुख्य प्रबंधक को फोन करके इस बारे में प्रभावी कार्रवाई करने को कहा था। गुप्ता ने बताया कि मुख्य प्रबंधक ने प्रबंध संचालक और प्रबंधक यातायात बून्दी आगार को इस बारे में आदेश जारी किए है। मुख्य प्रबंधक के इस आदेश से तालेड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक अशोक डोगरा का इसके लिए आभार व्यक्त किया है।

## जल उपयोक्ता संगम निर्वाचन के लिए नामांकन 6 को

**( अंगद संवाददाता )/ बून्दी, 4 फरवरी।** राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबन्धन में कृषकों की सहभागिता अधिनियम 2000 के अन्तर्गत बरधा सिंचाई परियोजना के जल उपयोक्ता क्षेत्र एवं प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का अन्तिम मतदान सूचियों का प्रकाशन कर दिया है। बरधा सिंचाई परियोजना के जल उपयोक्ता संगमों प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों का निर्वाचन निर्धारित स्थल पर नियुक्त निर्वाचन अधिकारी की ओर से करवाया जाएगा।

परियोजना अधिकारी व अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन परियोजना खण्ड बून्दी ने बताया कि बरधा सिंचाई परियोजना के निर्वाचन क्षेत्र के क्रमांक 1 से 7 रहेंगे। नामांकन 9 फरवरी को, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय सुबह 10 बजे से एक बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन जांच का समय एक बजे से 2 बजे, नाम निर्देशन की समीक्षा प्रकाशन दोपहर 2 बजे से 3 बजे होगा। वहीं नामांकन वापस लेने का समय 3 बजे से 4 बजे रहेगा। अभ्यर्थियों की सूची एवं उनको आवंटित चिन्हों का प्रकाशन सायं 4.30 बजे होगा। इसके लिए मतदान 16 फरवरी को किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे रहेगा। मतगणना मतदान समाप्ति के बाद कर परिणामो की घोषणा होगी।

## श्री हनुमंत एवं शिव पुराण प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ श्री गणेश



**( अंगद संवाददाता )/ बून्दी, 4 फरवरी।** तालेड़ा उपखंड के लीलेड़ा चारणान में श्री हनुमंत एवं शिव पुराण प्रतिष्ठा यज्ञ का श्री गणेश हुआ। बाबा रामदेव गौ सेवा समिति अध्यक्ष खुशीराम गुर्जर ने बताया इस अवसर पर 3 फरवरी को भव्य कलश यात्रा श्री गणेश पूजन मंगल प्रवेश, 4 फरवरी को मंडल देवपूजन, अग्नि पूजन, मूर्ति संस्कार एवं जलाधिवास, 5 फरवरी को दिवस महास्नानाधिवास एवं अन्नाधिवास, 6 फरवरी को दैनिक यज्ञ कार्यक्रम ग्राम भ्रमण, 7 फरवरी को देव प्रतिष्ठा पूर्णावती एवं भोग प्रसाद का कार्यक्रम होगा।

### 151 शिशुओं का यज्ञ विधान के साथ हुआ विद्यारंभ संस्कार

# धार्मिक ग्रंथो की शोभायात्रा के साथ सरस्वती पूजन का हुआ शंखनाद

(अंगद संवाददाता)



**बारां, 4 फरवरी।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर केलखेड़ी, छीपाबड़ौद में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में 21 कुंडीय महायज्ञ में वैदिक मंत्रोचार के साथ 151 भैया बहिनों का पाठी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य हरि सिंह गोचर व कार्यक्रम प्रभारी पुरुषोत्तम चक्रधारी ने बताया कि सरस्वती जयंती के अवसर पर विशाल धार्मिक ग्रंथो की शोभायात्रा व कलश यात्रा महावीर मंडल आश्रम, हनुमान मंदिर सालपुरा रोड़ से ढोलम तिराहा होते हुए विद्यालय भवन स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान समस्त अभिभावक एवं समाज बंधु झूमते एवं नृत्य करते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं रंगोलियां बनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात 21 कुंडीय महायज्ञ में 101 जोड़ों के साथ 151 भैया-बहिनों का वैदिक मंत्रोचार के साथ विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न हुआ। ग्रामाचार्य अरविंद शर्मा एवं आचार्य दीपक शर्मा ने विद्यारंभ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैदिक धर्म में 16 संस्कारों का विधान है, जिसमें नवां एवं प्रमुख संस्कार विद्यारंभ संस्कार है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा कुशवाह, कृष्णा नागर, धनराज गुर्जर, धीरज नामा, योगेश नागर, सोनिका चक्रधारी, कविता चक्रधारी, सोनम यादव सहित समस्त आचार्य दीदियों ने सहयोग किया।

कार्यक्रम में जिला सचिव राजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष शरद मित्तल, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, सह सचिव हरीश गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष बालकिशन बंसल विशेष अतिथि के रूप में रहें।

## नामदेव छीपा समाज ने बसंत पंचमी पर निकाली शोभायात्रा



**( अंगद संवाददाता )/ के.पाटन, 4 फरवरी।** कस्बे में बसंत पंचमी के अवसर पर नामदेव छीपा समाज ने संत नामदेव जी की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा भगवान श्री केशवराय जी के मंदिर से देव विमान की पूजा अर्चना के बाद आरंभ हुई। शोभायात्रा में घुड़सवार भी शामिल रहे। शोभायात्रा में भगवान विट्ठल एवं संत नामदेव जी की स्वरूप झांकी भी मौजूद रही जो आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा मे नामदेव छीपा समाज के बड़ी संख्या में युवा, प्रबुद्धजन सहित महिलाएं शामिल रही। शोभायात्रा में डीजे पर विट्ठल भगवान के भजनों पर महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थी वहीं शांति नामदेव जी तथा भगवान विट्ठल के जयकारे गूंज रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। नामदेव छीपा समाज के लोगों ने देव विमान में विराजे संत नामदेव जी की पूजा की। शोभायात्रा पुराना तहसील मार्ग से होती हुई पुराना बस स्टैण्ड, चौमुखा बाजार, रामलीला चौक होती हुई भगवान श्री रामचंद्र जी के मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर छीपा पंचायत समाज अध्यक्ष नारायण बरग, चौथमल मंडकला, मांगीलाल डिडोत, भानू दोसाया, सुरेंद्र बरग, चेतन बरग, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद नामा सहित बड़ी संख्या में नामदेव छीपा समाज के लोग मौजूद रहे।

## इनरव्हील ने हर्षोल्लास से मनाया बसंत पंचमी उत्सव




**( अंगद संवाददाता )/ बून्दी, 4 फरवरी।** इनरव्हील क्लब ने सरस्वती पूजन, भजन, कीर्तन के साथ बसंत पंचमी उत्सव हर्ष के साथ मनाया। अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा दीक्षित ने बताया कि इसमें मैत्री भाव को ध्यान रखते हुए संस्कृति क्लब, सोनी क्लब, मनोरंजन क्लब के सदस्य शालिनी विजय, सरस्वती सोनी, विमलेश सोनी, रोहिणी कंवर, लीला गोयल, पुष्पा चौधरी, सरोज वर्मा, मंजू बहेडिया, दीपा गुप्ता, पवित्रा शर्मा, आशा गुप्ता, श्यामलता शर्मा , राधा शर्मा, संतोष गर्ग, निशा गुप्ता, गायत्री गुप्ता आदि मौजूद रही।

## दो शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान



**( अंगद संवाददाता )/ अंता, 4 फरवरी।** बसंत पंचमी पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षा सागर फाउंडेशन मध्यप्रदेश द्वारा 2 फरवरी को धानोदा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश में आयोजित हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह में अंता ब्लॉक की दो शिक्षिकाओं प्रमिला मालव महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बालदड़ा व मीनाक्षी शर्मा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लिसाड़ी को शिक्षा नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान हजारीलाल दांगी विधायक, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा, राष्ट्रीय शिक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश भाई प्रजापति एवं मध्यप्रदेश प्रांत प्रभारी महेश कुमार त्रिवेदी एवं हंसा पाटीदार ने दिया। उक्त कार्यक्रम में 18 राज्यों के 221 शिक्षक सम्मानित हुए।

## ग्लोबल किड्स प्ले स्कूल में मनाया बसन्तोत्सव



**( अंगद संवाददाता )/ अंता, 4 फरवरी।** कस्बे में गहलोत की बाड़ी बमोरी रोड़ स्थित एवरशाईन ग्लोबल किड्स प्ले स्कूल में बसंत पंचमी का महोत्सव मनाया गया। जिसमे सभी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये वहीं भाषण ओर कविताएं बोली।

इस अवसर पर शाला निदेशक भुवनेश गौतम और रमा गौतम ने माता सरस्वती का पूजन किया और बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में बताया कि आज के दिन विद्या और बुद्धि की देवी माता सरस्वती का जन्मदिवस मनाया जाता है। विद्या और संस्कारों से ही व्यक्ति का जीवन में आगे बढ़ता है। इस दौरान शाला के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार बत्रा जार के जिला उपाध्यक्ष व मोहबिया अन्ता उपखण्ड अध्यक्ष मनोनीत



**( अंगद संवाददाता )/ अंता, 4 फरवरी।** राजस्थान पत्रकार संघ की जिला कार्यकारणी में अंता के वरिष्ठ पत्रकार निरंजन बत्रा को जिला उपाध्यक्ष, अन्ता उपखंड अध्यक्ष पवन मोहबिया व सुरेंद्र नागर पलायथा को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए जाने पर नगर के पत्रकार बन्धुओं ने उच्च नेतृत्व का आभार जताकर हर्ष व्यक्त किया। जार के प्रदेश अध्यक्ष हरिबल्लभ मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष ललित मोहन खण्डेलवाल सहित समस्त जार कार्यकारणी का आभार व्यक्त करते हुए नगर के कलमकारों ने हर्ष जताया है। नगर के वरिष्ठ पत्रकारों के जिला कार्यकारिणी में मनोनीत होने पर संयुक्त पत्रकार संघ अन्ता अध्यक्ष उस्मान खान, वरिष्ठ पत्रकार अशोक गौतम, भंवरलाल सुमन, हरीश शर्मा, ब्रह्मानंद गोचर, धर्मराज बंजारा, प्रेमशंकर शांत, अशफाक खान, जितेंद्र नायक, विजय गौतम, फरहान खान, इंद्रजीत मीणा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा।

## जितेन्द्र सिंह बने अध्यक्ष



**( अंगद संवाददाता )/ बून्दी, 4 फरवरी।** श्री हनुमान स्थापना समिति लक्ष्मी विहार की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से जितेंद्र सिंह को अध्यक्ष नियुक्त किया। तत्पश्चात हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बारे में विचार जाने। कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर चित्तौड़ा, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रकाश जांगिड़, बिशन सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र मीणा, सचिव बलराम मीणा, व्यवस्था समिति में आर्यन माहेश्वरी, रामसहाय गुर्जर, सुरेश मीणा, रामप्रसाद जांगिड़, राहुल, धर्मेंद्र के साथ ही संरक्षक मंडल में जसराज सिंह, प्रभुलाल राठौर, शंभूदयाल, हरभजन सिंह, गणेशदत्त व्यास, जेपी गौतम, लालचंद सैनी, भगवान माहेश्वरी, पुरुषोत्तम सोनी सहित समस्त कॉलोनीवासी मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विजय व्यास ने दी।

## सरपंच राधेश्याम गुप्ता ने मुख्यमंत्री का जताया आभार




**( अंगद संवाददाता )/ हिण्डोली, 4 फरवरी।** सरपंच संघ हिण्डोली तहसील अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में क्षेत्र के सरपंच जयपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने पर आभार जताया। इस दौरान गुप्ता के साथ मेंडी सरपंच कल्याण सिंह, छाबडिया का नयागांव सरपंच धनपाल बैरवा व गोठडा सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर झंवर आदि रहे।

## सूर्य-सप्तमी एवं बसंत पंचमी का डाइट परिसर में आगाज



**कोटा 4 फरवरी।** डाइट कोटा संस्थान परिवार एवं डाइट के छात्र शिक्षकों द्वारा विभागीय निर्देश की पालना करते हुए सूर्य नमस्कार मंत्र उच्चारण द्वारा किया गया। सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं को रचना शर्मा, व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के नेतृत्व में डाइट परिवार एवं छात्र व शिक्षकों द्वारा किया गया। छात्र व शिक्षकों ने प्रफुल्लित मन से सूर्य नमस्कार की सभी मुद्राएं की। इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीएमसी शिक्षाविद कालू लाल चंद्रसेन सेवानिवृत संयुक्त निदेशक कोटा, सेवानिवृत मनोह सिंह भाटी उप निदेशक चुरू एवं रमेश चंद कनेरिया, अध्यक्ष पुरस्कृत शिक्षक फोरम कोटा, संस्थान कार्यवाहक प्राचार्य बीना मिश्रा, राजीव सिंह चौहान (व्या), प्रतिभा कनेरिया (व्या), दीप कंवर (व्या) एवं सभी डाइट संस्थान के कार्मिकों ने सूर्य नमस्कार में अपनी भागीदारी निभाते हुए सूर्य नमस्कार से लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

## ज्ञानोदय स्टार्स एकेडमी भेंट किये दो कचरा पात्र



**( अंगद संवाददाता )/ तालेड़ा, 4 फरवरी।** ज्ञानोदय संस्थान के सचिव विवेक गौतम ने बताया कि मंदिर पर कचरा पात्र नहीं लगे होने के कारण आम जन इधर उधर कचरा फेंकते है जिससे मंदिर की सुंदरता पर दाग सा लग जाता है। आज देवनारायण जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल द्वारा मंदिर समिति को कचरा पत्र भेंट कर समिति एवं आम जन से अनुरोध किया कि सफाई का विशेष ध्यान रखें एवं कचरा पात्र का उपयोग करें जिससे स्वच्छता बनी रहे। संस्था अध्यक्ष फूलचंद शर्मा ने कहा कि समय समय पर श्रद्धानुसार मंदिर समिति का सहयोग करते रहेंगे जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रहे। मंदिर समिति के रामप्रसाद एवं बनवारी ने विद्यालय का आभार व्यक्त किया।

## मोदी पब्लिक स्कूल में मनाया बंसत पंचमी उत्सव

**कोटा 4 फरवरी।** मोदी पब्लिक स्कूल दादाबाड़ी में बंसत पंचमी एवं सूर्य नमस्कार पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया गया । मोदी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल के चेयरमेन सुशील मोदी, ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी और प्राचार्या डॉ. नलिनी कुलश्रेष्ठ समस्त अध्यापकों के द्वारा मंत्रोपचार से माँ सरस्वती का पूजन किया। विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ किया गया। माँ शारदे की प्रार्थनारूपी नृत्यद्व नाटिका प्रस्तुत की गई। मोदी ग्रुप चेयरमेन ने अपने संबोधन में कहा कि माँ सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी है, आज बंसत पंचमी पर इम सभी माँ सरस्वती से प्रार्थना करते है कि हमारे ज्ञान के भंडार में निरन्तर वृद्धि हो और समाज उन्नति के पथ की ओर अग्रसर होता रहे।

## शपथ ग्रहण समारोह 6 फरवरी को
# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बून्दी जिला कार्यकारिणी घोषित

(अंगद संवाददाता)

**बून्दी, 4 फरवरी।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष महावीर मीणा ने डॉ. सीबी यादव व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पीसीसी के अनुमोदन के उपरांत जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। महावीर मीणा ने बताया कि कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 6 फरवरी को शिव सांवरिया मैरिज गार्डन देवपुरा में होगा। जिसमें पूर्व विधायक व कोटा बून्दी लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, चैयरमेन अरबन कोऑपरेटिव बैंक व पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा एवं केशव तिवारी महासचिव आरपीजी आरएस सहित कई नेता मौजूद रहेंगे।

नवनियुक्त कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष अजय शर्मा, ममता गुर्जर, मधु वर्मा, चौथमल मीणा, बृजमोहन मालव, शिवनंदन शर्मा, चेतराम मीणा, मनमोहन धाबाई, वीरेंद्र सिंह, रघु शर्मा, लालचंद चंदेल, बाबूलाल वर्मा, आशा पंचोली, हेमराज मेघवाल, कन्हैया लाल किराड़, प्रेम बाई को, जिला महासचिव ऋतुराज पारीक, जगदीश दाधीच, तुषार शर्मा, मोहन गुर्जर, रामनारायण बैरवा, बाबूलाल गुर्जर, राजपाल शर्मा, दीनबंधु गौतम, अशोक बाकलीवाल, विनोद कुमार जैन, जोगेंद्र सिंह, रामकिशन गुर्जर, आसाराम मीणा, तदूस्क हुसैन, रामदेव नागर, रफीक मुगल, सुनीता नागर, रामेश्वर मीणा, मोहन गुर्जर खडीपुर, आबिद हुसैन, छैलबिहारी दाधीच को बनाया गया है। इसी तरह जिला सचिव रविंद्र मीणा, शिवराज गुर्जर, रामदेव भील, प्रेम माली, लादूराम बाबा, रामप्रकाश धाकड़, प्रेमप्रकाश एवरग्रीन, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, रामरतन भील, बाबूलाल मीणा, महावीर प्रसाद मीणा, जोधराज मीणा, चेतराम वर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, शिव सिंह मीणा, लक्ष्मी कंवर, ज्ञानचंद जैन, कमलेश नागर, सियाराम गुर्जर, गंगाधर साहू, हेमंत कुमार मेघवाल, मनजीत कौर को, प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी रिंकू पठान एवं सचिव एवं सोशल मीडिया प्रभारी मदनलाल गुर्जर। को बनाया गया है।

## श्याम परिवार की देई धाम के लिए पैदल निशान यात्रा कल

(अंगद संवाददाता)

**लाखेरी, 4 फरवरी।** श्याम परिवार की ओर से 4 फरवरी को देई धाम के लिए पैदल निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा बुधवार सुबह 8 बजे चारभुजानाथ मंदिर से शुरू होगी और निर्धारित मार्गो से होती हुई रात्रि को करवर पहुंचेगी जहां भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है।

5 फरवरी को करवर से पैदल यात्रा रवाना होगी जो दोपहर को देई धाम पहुंचेगी। जहां खाटूश्याम दरबार में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर यात्रा का जगह जगह मार्ग में विभिन्न संस्थाओं, समाजो, प्रतिष्ठानों की ओर से पुष्पवर्षा व अल्पाहार से स्वागत किया जाएगा। यात्रा में शामिल श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए चलेंगे।

# जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में बून्दी जिले के सरपंचों ने भाग लिया





(अंगद संवाददाता)

**बून्दी, 4 फरवरी।** प्रदेश की 6759 ग्राम पंचायतों के चुनाव को स्थगित कर मौजूदा सरपंचों को ही सरकार द्वारा प्रशासक नियुक्त किए जाने के फैसले को लेकर मंगलवार को सरपंच संघ राजस्थान द्वारा पंचायती राज सशक्तिकरण एवं अभिनंदन समारोह जयपुर स्थित मानसरोवर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रहे। वहीं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर व विधायक शत्रुघ्न गौतम भी मौजूद रहे। सरपंच संघ राजस्थान द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान बून्दी जिले के जिला सरपंच संघ के कोषाध्यक्ष व रामगंज सरपंच रामलाल सैनी, मंगाल सरपंच उदयलाल मेघवाल, दौलाडा सरपंच सोना कुमारी, हट्टीपुरा सरपंच गीता बाई मीणा, रामनगर सरपंच प्रतिनिधि बालकदास, राजू मीणा सहित जिले के सरपंचों ने समारोह में भाग लिया। इन्होंने भी सीएम भजनलाल शर्मा, पंचायती राज्यमंत्री मदन दिलावर का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह समारोह में सरपंच संघ के.पाटन अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश मीना के नेतृत्व में के.पाटन पंचायत समिति के अधिकांश सरपंच शामिल हुए। ये सभी सरपंच सुबह 8 बजे इंद्रगढ़ टोल से जयपुर के लिए रवाना हुए।

## बसन्त पंचमी पर हुआ विचित्र वेशभूषा का आयोजन

**( अंगद संवाददाता )/ लाखेरी, 4 फरवरी।** एसीसी उच्च प्राथमिक विद्यालय लाखेरी (अडानी स्कूल) में बसन्त पंचमी के उपलक्ष में विचित्र वेशभूषा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी। बसंत पंचमी सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, ज्ञान और सकारात्मकता का प्रतीक है. बसंत पंचमी को विद्या, बुद्धि और संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है, इसलिए इसे विद्या पर्व भी कहा जाता है। इस अवसर पर शाला के प्रधानाध्यापक सलीम मोहम्मद ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




## आबाकारी विभाग की नई नीति के विरोध में शराब ठेकेदारों ने दुकाने बंद रख विरोध जताया




**भवानीमण्डी, 4 फरवरी।** मंगलवार को क्षेत्र के शराब कारोबारियों ने 2 घण्टे तक अपनी शराब की दुकाने बंद रखकर प्रदेश के आबकारी विभाग की नई नीति पर पुरजोर विरोध जताया। अनुज्ञाधारी करण सिंह चौहान ने बताया कि आबकारी विभाग वर्तमान आंवटित राशि पर 10 प्रतिशत की बढोत्तरी कर रहा है जबकि शराब कारोबार पहले ही घाटे में है। इसलिए हम सभी चाहते है कि वर्तमान राशि यथावत रखी जाये। साथ ही कलस्टर नीति को समाप्त किया जाये, शराब की दुकानें रात्रि 11 बजे तक खोलने की अनुमति प्रदान की जाये एवं पुलिस का हस्तक्षेप बंद किया जाये। चौहान तथा अन्य शराब ठेकेदार दिलीप सिंह, शिव सिंह, दिनेश मेवाडा, मुकेश माहेश्वरी आदि ने बताया कि रात्रि 8 बजे पश्चात शराब विक्रय करने की अनुमति नहीं होने पर कई लोग ब्लैक में व अवैध शराब बेचते है, जिससे भी उन्हें इस व्यापार में घाटा हो रहा है। अगर रात्रि 11 बजे तक शराब विक्रय पर से पाबन्दी हटा ली जाये तो अवैध शराब व ब्लैक में शराब बिकने में मामले में काफी कमी आ सकती है और उन्हें पहुंच रहे घाटा भी कम या समाप्त हो सकता है।

## तीरथ भैरूजी महाराज भंडारे में 25 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी



(अंगद संवाददाता)

**तालेडा, 4 फरवरी।** उपखंड क्षेत्र के तीरथ गांव में एक दिवसीय मेला व भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें 25 हजार श्रद्धालुओं ने भैरूजी स्थल पर खीर, मिर्ची, टमाटर की चटनी, पुडी, भंडारे में आनंद लिया। इस बार पिछले साल से ज्यादा श्रद्धालु भण्डारे में पहुंचे। पुजारी भैरूलाल गुर्जर, मनोज गुर्जर, दिनेश गुर्जर ने बताया कि डसियां कटाने के लिए कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड साहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु भैरूजी महाराज थानक पर पहुंचे। इस दौरान रास्ते पर जाम की स्थिति बनी रही। के.पाटन थाने से भी पुलिस प्रशासन मेले में स्थिति को संभालते रहे। इस दौरान मेला सेवा समिति सहित ग्रामीणो का सहयोग रहा। तीर तलाई महादेव सेवा समिति ने जल सेवा का दिन भर सहयोग किया।

## राजस्थान को रिकार्ड 9960 करोड़ रूपये के बजट का आवंटन

**कोटा 4 फरवरी।** अश्विनी वैष्णव रेलमंत्री ने प्रस्तुत बजट में भारतीय रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 11 वर्षो में रेलवे के विकास के लिए रणनीति में बदलाव कर अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है जिससे रेलवे पर संरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2025-26 में रेलवे को 2,52,000 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। रेलमंत्री ने बजट 2025 में बडे बजट आवंटन के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया है। रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल देश में संरक्षित, तीव्र और आरामदायक रेल यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है और आने वाले दो से तीन साल में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 साधारण श्रेणी गैर-एसी कोचों के निर्माण किया जाने का लक्ष्य रखा गया है।



## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन उमंग मुक्ताकाश : कला, संस्कृति और प्रतियोगिताओं का संगम



**कोटा 4 फरवरी।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा द्वारा आयोजित उमंग मुक्ताकाश सत्र 2025 का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा के निर्देशन में एवं अलंक विद्यालय एसोसिएशन की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में हुआ। यह तीन दिवसीय उत्सव कला, संस्कृति और सृजनात्मकता को समर्पित था, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ :** पहले दिन आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमिका विजय और प्रियल मेहरा बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान वीरेंद्र और सीमा रावत बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान वंशिका पारेता और हिमांशी आर्या बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रियल कारपेंटर बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर रहीं, महक पचेरिया बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर तथा अहिंसा गोस्वामी बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि दिव्यांशी व्यास बी.ए. बी.एड. तृतीय सेमेस्टर को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## भगवान जगन्नाथ की तर्ज पर कोटा में पहली बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान देवनारायण, ठाठ-बाट से निकलेगी शोभायात्रा, रस्सियों से रथ को खींचेंगे श्रृद्धालु



**कोटा 4 फरवरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री देवनारायण जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा शिक्षानगरी कोटा में बड़े स्तर पर देवनारायण जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बार शोभायात्रा में रथ पर सवार भगवान देवनारायण की शोभायात्रा ठाठ बाट से निकलेगी। जिसमें भगवान देवनारायण नये रथ पर बैठकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे और उनके रथ को रस्सियों से खींचा जाएगा। आयोजन समिति के संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि इस बार नये तरह से शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिससे समाजबंधुओं में भारी उत्साह का माहौल है। गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा समिति द्वारा 6 फरवरी को सुबह 9.30 किशोरपुरा स्थित पदमनाथ मंदिर से पूर्जा-अर्चना के बाद किशोरपुरा से रवाना होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष जोधराज गुर्जर एवं संयोजक देवराज गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा किशोरपुरा से रवाना होकर दशहरा मैदान, सीएडी चौराहा, जवाहर नगर पेट्रोल पंप के सामने, केशवपुरा चौराहा महावीर नगर, रंगबाड़ी सर्किल, रामचरण सर्किल होते हुए गणेश नगर स्थित देवनारायण भगवान मंदिर पर पहुंचेगी। आयोजक मंडल सदस्य ने बताया कि शोभायात्रा पहुंचने के बाद समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, अध्यक्षता खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक अभिनंदन गुप्ता (लढ्ढा) द्वारा अभिनन्दन प्रिंटिंग प्रेस, हनुमान धर्मशाला के पीछे, बूदी से मुद्रित एवं प्रकाशित। उप सम्पादक निरंजन गुप्ता।
मो. 9461865131, 9829074221, 9636798555, 9214551001, बूंदी फोन 0747-2940923 (प्रेस), नि.2443786 प्रधान कार्यालय :-सी-3 गुरुनानक कॉलोनी, बूंदी